July 2024

Monthly Magazine
Year 10 Issue 7

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार

In Giving We Believe

सतयुग

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

नारायण गीत

नारायण-नारायण का उद्घोष जहाँ
राम राम मधुर धुन वहाँ
सबको खुशियाँ देता अपरम्पार,
जीवन में लाता सबके जो बहार
खोले, उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार,
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
हमारा एन.आर.एस.पी., प्यारा एन.आर.एस.पी.
प्यार, आदर, विश्वास बढ़ाता
रिश्तों को मजबूत बनाता, मजबूत बनाता
परोपकार का भाव जगाता
सच्चाई, नम्रता सेवा में विश्वास बढ़ाता
सत को करता अंगीकार
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुस्कान के राज बताता,
तन, मन, धन से देना सिखलाता
हमको जीना सिखलाता
घर-घर प्रेम के दीप जलाता
मन क्रम से जो हम देते वही लौटकर आता, वही लौटकर आता
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
एन.आर.एस.पी.,एन.आर.एस.पी.

।। 卐 ।।

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

।। नारायण नारायण ।।

नारायण शास्त्र कहता है, आपके शब्द आपके जीवन के निर्माता हैं, आपके भाग्य के निर्माता हैं । आप जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं आपका जीवन वैसा ही बनता चला जाता है । अतः सदैव सोच समझकर सही, उचित, सकारात्मक शब्दों का ही प्रयोग करना चाहिये ।

हम जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं वह शब्द एक वाइब्रेशन उत्पन्न करते हैं और ब्रह्मांड में जाकर घूमते रहते हैं । ब्रह्मांड यानी प्रकृति का स्वभाव भोला है । वह शब्द सुनती है और उन्हें पूरा करने में जुट जाती है । उसे सही-ग़लत, झूठ-सच, किसके के लिए कहे गये, इस सबका ज्ञान नहीं है उसे सिर्फ़ **तथास्तु** कहना आता है ।

हमारे मुख से शब्द निकला और प्रकृति ने तथास्तु कहा। भले ही यह शब्द हमने किसी दूसरे के लिए कहे हों, वो फलीभूत हो जाते हैं ।

हमने ब्रह्ममुहूर्त की साधना में कन्फेशन के दौरान कई बार सुना है कि हमने किसी और के लिये नकारात्मक शब्द कहे, वो फलीभूत होकर हमारी ही झोली में आ गये । कई-कई वर्षों के बाद कही हुई बात अक्षरशः हमारे जीवन में घटित हुई क्योंकि प्रकृति का सिद्धांत है आप जो देते हो वह ही गुणकों में आप तक वापस आता है । आपके द्वारा कहे शब्द ब्रह्मांड में जाकर रोपित हो जाते हैं और जैसा खाद पानी मिलता है उस रूप में फलित होते जाते हैं । अतः हमें एक-एक शब्द बहुत सोच समझकर बोलना चाहिए । नारायण शास्त्र कहता है जब भी बोलें, सही, उचित, सकारात्मक बोलें और यदि आपके पास सही सकारात्मक शब्द नहीं हैं तो मौन रह जायें पर ग़लत और नकारात्मक शब्दों का प्रयोग न करें क्योंकि जब यह गुणकों में फलित होते हैं तो न सिर्फ़ बोलने वाले को बल्कि उसके परिवार के सदस्यों को, उससे संबंधित हर एक व्यक्ति को प्रभावित करते हैं ।

नारायण रेकी सतसंग परिवार सही उचित सकारात्मक शब्दों के प्रयोग के माध्यम से तन- मन- धन संबंधों को स्वस्थ कर सतयुग की पुनर्स्थापना करने के लिए कटिबद्ध है। **इस सब के लिए सही उचित सकारात्मक शब्दों का प्रयोग हमारा महा मंत्र है।**

मेरी आप सब से प्रार्थना, सही उचित सकारात्मक शब्दों का प्रयोग करें और मनचाहा जीवन पाएँ और सतयुग की पुनर्स्थापना में हमारे सहभागी बनें।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-

संध्या गुप्ता

09820122502

-: प्रधान कार्यालय :-

नारायण भवन

टोपीवाला कंपाउंड, स्टेशन रोड़

गोरेगांव वेस्ट, मुंबई

-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	9712945552
अकोला	शोभा अग्रवाल	9423102461
अकोला	रिया अग्रवाल	9075322783
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	9422855590
औरंगाबाद	माधुरी धानुका	7040666999
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	7045724921
बैंगलोर	शुभांगीं अग्रवाल	9327784837
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	9341402211
बस्ती	पूनम गाड़िया	9839582411
बिहार	पूनम दूधानी	9431160611
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	8947036241
भोपाल	रेनू गट्टानी	9826377979
चेन्नई	निर्मला चौधरी	9380111170
दिल्ली (नोएडा)	तरुण चण्डक	9560338327
दिल्ली (नोएडा)	मेघा गुप्ता	9968696600
दिल्ली (डब्ल्यू)	रेनु विज	9899277422
धुलिया	रेणु भटवाल	878571680
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	9326811588
गोहटी	सरला लाहोटी	9435042637
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	9247819681
इंदौर	धनश्री शिरालकर	9324799502
जालना	रजनी अग्रवाल	8888882666
जलगांव	काला अग्रवाल	9325038277
जयपुर	प्रीति शर्मा	9461046537
जयपुर	सुनीता शर्मा	8949357310
झुनझुनू	पुष्पा देवी टिबेरेवाल	9694966254
इचलकरंजी	जय प्रकाश गोयनका	9422043578
कोल्हापुर	राधिका कुमटेकर	9518980632
कोलकत्ता	स्वेटा केडिया	9831543533
कानपुर	नीलम अग्रवाल	9956359597
लातूर	ज्योति भूतड़ा	9657656991
मालेगांव	रेखा गारोडिया	9595659042
मालेगांव	आरती चौधरी	9673519641
मोरबी	कल्पना चोरौड़िया	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	9373101818
नांदेड़	चंदा काबरा	9422415436
नवलगढ़	ममता सिंग्रोडिया	9460844144
नासिक	सुनीता अग्रवाल	9892344435
पुणे	आभा चौधरी	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	9434012619
परतवाड़ा	राखी मनीष अग्रवाल	9763263911
रायपुर	अदिति अग्रवाल	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	9431115477
सूरत	रंजना अग्रवाल	9328199171
सांगली	हेमा मंत्री	9403571677
सिकर (राजस्थान)	सुषमा अग्रवाल	9320066700
श्री गंगानगर	मधु त्रिवेदी	9468881560
सतारा	नीलम कदम	9923557133
शोलापुर	सुवर्णा बलदवा	9561414443
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुधरा	9564025556
टाटा नगर	उमा अग्रवाल	9642556770
राउरकेला	उमा अग्रवाल	9776890000
उदयपुर	गुणवंती गोयल	9223563020
उबली	पल्लवी मलानी	9901382572
वाराणसी	अनीता भालोटिया	9918388543
विजयवाड़ा	किरण झँवर	9703933740
वर्धा	रूपा सिंघानिया	9833538222
विशाखापतनम	मंजू गुप्ता	9848936660

अंतर्राष्ट्रीय केंद्र का नाम

ऑस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
दुबई	विमला पोद्दार	+971528371106
काठमांडू	रिचा केडिया	+977985-1132261
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
शारजाह	शिल्पा मंजरे	+971501752655
बैंकॉक	गायत्री अग्रवाल	66952479920
विराटनगर	मंजू अग्रवाल	+977980-2792005
विराटनगर	वंदना गोयल	+977984-2377821

॥ 卐 ॥

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

॥ नारायण नारायण ॥

पिछले दिनों सोसाइटी में रहने वाली दो बहुत ही पक्की सहेलियों में अनबन हो गई । वजह- एक ने दूसरी से कुछ ऐसे शब्द कह दिए जिनसे दूसरे के दिल को दुःख पहुंचा और उन्होंने जीवन भर उनसे बात न करने की क़सम खा ली।

क्या सचमुच शब्द हमारे जीवन में इतने महत्वपूर्ण हैं ? क्या शब्द हमारी दोस्ती को, हमारे संबंधों को, हमारे जीवन को प्रभावित कर उसे परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं ।

टीम सतयुग ने सोचा कि इस अंक में अपने पाठकों से जीवन बनाने वाले उस महत्वपूर्ण विषय - शब्द के बारे में बात की जाये ।

टीम सतयुग हाज़िर है इस विषय पर जानकारी लेकर आपके समक्ष।

आप सभी शब्दों को सोच समझकर ही बोलेंगे इस विश्वास के साथ,

आपकी अपनी
संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :

नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं । आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है । अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं ।
हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net

narayanreikisatsangparivar @narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.
Call : 022-67847777

॥नारायण नारायण॥

सतयुग का शंखनाद

शब्दों का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। शब्द हमारे विचारों, भावनाओं, और दृष्टिकोण को व्यक्त करने का प्रमुख माध्यम हैं। शब्दों के माध्यम से ही हम अपने विचारों को दूसरों तक पहुंचाते हैं, और उनका प्रभाव हमारे संबंधों, सामाजिक जीवन, और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा होता है।

शब्द समाज की नींव हैं। वे हमारे संचार का आधार हैं और विचारों के आदान-प्रदान का साधन हैं। शब्दों के माध्यम से ही हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और ज्ञान को आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। उदाहरण के लिए, साहित्य और इतिहास के माध्यम से हम अपने अतीत को जान सकते हैं और उससे सीख सकते हैं।

शब्दों की शक्ति अनंत होती है। एक अच्छी बात व्यक्ति को प्रेरित कर सकती है, उसका मनोबल बढ़ा सकती है, जबकि कठोर शब्द किसी को निराश कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, और मार्टिन लूथर किंग जैसे महान नेताओं ने शब्दों के माध्यम से समाज में बड़े बदलाव लाए हैं। उनकी बातें लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ गईं और समाज को नई दिशा दी।

शब्दों का हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव होता है। दीदी कहती हैं शब्द हमारे जीवन के निर्माता हैं । हम जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं हमारी दुनिया वैसी ही बनती चली जाती है । अतः सदैव सही, उचित, सकारात्मक शब्दों का ही प्रयोग करें । सकारात्मक शब्द हमारे आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाते हैं। वे हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक शब्द हमारी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं, हमें निराशा की ओर धकेल सकते हैं। शब्दों के द्वारा ही व्यक्ति अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। शब्द अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। वे व्यक्ति के विचारों को प्रभावित करते हैं। सही मायनों में शब्द हमारे विचारों की मुद्रा होते हैं। जीवन में हमारे शब्दों का बहुत बड़ा महत्व है, हमारे शब्द ही हमारे जीवन की पहचान हैं, आज हम कैसे हैं, हम क्या काम करते हैं, लोगों के प्रति हमारा क्या व्यवहार है, हम अपने जीवन में कहाँ तक पहुंचे, इन सब की पहचान हम अपने शब्दों से लगा सकते हैं। शब्दों का महत्त्व हमारे जीवन में कुछ ऐसा है कि जो व्यक्ति शब्दों की शक्ति को समझ ले वो अपने जीवन को समझ लेता है यानी कि 'शब्द ही जीवन' हैं। अगर कोई व्यक्ति कुछ ऐसे शब्द बोलता है तो उस व्यक्ति का चरित्र समझा जा सकता है यानि कि शब्दों से ही इंसान की पहचान होती है। इस दुनिया में शब्द एक ऐसा हथियार है जो कि बहुत ही खतरनाक माना जाता है क्योंकि एक बार तलवार के घाव मिट जाते हैं लेकिन शब्दों के घाव कभी नहीं मिटते।

किसी भी व्यक्ति की कोई बात बुरी लगे तो किस तरह से सोचें ?

यदि व्यक्ति महत्वपूर्ण है तो बात को भूल जाओ और यदि बात महत्वपूर्ण है तो व्यक्ति को भूल जाओ।

ब्रह्म मुहूर्त की प्रार्थनाओं में हमने अनेकों बार सुना कि जिन शब्दों का प्रयोग दोस्तों के लिए किया वैसी परिस्थितियों का निर्माण आपके खुद के जीवन में हो गया । शब्द वाइब्रेशन हैं, वह अपना-पराया नहीं समझते बाद में वे फलीभूत होते जाते हैं जैसे वाइब्रेशन हम क्रिएट करते हैं वैसी ही हमारी दुनिया बन जाती है ।

अतःशब्दों का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए। इंसान एक दुकान है और ज़ुबान उसका ताला । ताला खुलता है तभी मालूम होता है कि दुकान 'सोने' की है या 'कोयले' की।

शब्दों के माध्यम से हम दूसरों की भावनाओं को समझ सकते हैं और उनके प्रति सहानुभूति दिखा सकते हैं। संवेदनशीलता से चुने गए शब्द रिश्तों को मजबूत बनाते हैं, जबकि लापरवाही से कहे गए शब्द रिश्तों में खटास ला सकते हैं। 'शब्द' यह वर्ड तो बहुत छोटा है, लेकिन इस वर्ड का जीवन में बहुत महत्व है, आज हम अपने जीवन में जहाँ कहीं पर भी हैं, हम अपने शब्दों की वजह से हैं । जिस व्यक्ति ने अपने जीवन में अपने शब्दों को सही तरीके से इस्तेमाल करना सीख लिया, उसने जीवन जीना सीख लिया। हमारे जीवन में शब्दों का बहुत अधिक महत्त्व माना जाता है क्योंकि हमारे जीवन में कुछ शब्द बोलने से लोग ताली भी बजाते हैं और दूसरी तरफ कई ऐसे शब्दों बोलने पर आपत्ति भी जताते हैं। यही कारण है कि हमें अपने जीवन में शब्दों को तोलकर बोलना चाहिए जिससे कुछ बोलने पर आपत्ति न आ जाये।

शब्दों की ताक़त कम मत समझिए ; एक छोटी सी 'हाँ' और एक 'ना' पूरी ज़िंदगी बदल सकता है ।

शब्दों को महत्व दो,तो रिश्तों का महत्व बना रहेगा ।

जब भी किसी से बात करें तो सही शब्दों का प्रयोग करें । हर शब्द अपने आप में बहुत ही शक्तिशाली होता है यानी कि आप शब्दों से सृजन भी कर सकते हैं और विनाश भी कर सकते हैं इसलिए जब भी कभी शब्दों का प्रयोग करना पड़े तो आप किसी सफल व्यक्ति को देखिये वो कभी बिना सोचे समझे कुछ नहीं बोलेगा यानी कि जो भी शब्दों का इस्तेमाल करेगा वो सोच समझकर ही करेगा। आज तीखे शब्दों का इस्तेमाल आपकी सफलता को भी रोक सकता है क्योंकि जब किसी से बात कर रहे हो तो हमारे मुँह से कई ऐसे शब्द निकल जाते है जो सामने वाले व्यक्ति के दिल को लगते है यानी कि उसे पसंद नहीं आते। और उसी कारण आपका और उनका सबंध अच्छा नहीं बनेगा। इसी कारण आप जब भी किसी से बात करें तो अच्छे शब्दों में बात करें और सोच समझकर शब्दों का प्रयोग करें जिससे उसे कुछ बुरा न लगे। और वो आपसे बात करके इम्प्रेस हो जाये । दुनिया शब्दों से ही चलती है यानी कि हर व्यक्ति अपने शब्दों से ही पहचाना जाता है अच्छा हो या बुरा। शब्द हमारे जीवन में इतने महत्त्वपूर्ण हैं कि शब्दों के द्वारा आप किसी भी व्यक्ति का दिल जीत सकते हैं और शब्दों से ही झगड़ा भी हो सकता है यानी कि हमारे जीवन में शब्दों का बड़ा ही महत्त्व है।

हमें यह याद रखना चाहिए कि शब्द मात्र ध्वनियाँ नहीं हैं, वे अर्थपूर्ण होते हैं और हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। इसलिए, हमें सोच-समझकर शब्दों का उपयोग करना चाहिए, ताकि हम अपने विचारों और भावनाओं को सही तरीके से व्यक्त कर सकें और दूसरों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। शब्दों की महत्ता को समझकर ही हम समाज और अपने जीवन में सुख, शांति और प्रगति ला सकते हैं।

ज्ञान मँजूषा

इस बार के ज्ञान मंजूषा में हम उस पॉडकास्ट के कुछ अंश लेकर आयें हैं जिसमें दीदी ने दिल खोल कर अपने मन की बात कही ।

प्रश्न - पिछले कुछ दिनों से मैं आपके वीडिओज़ देखता हूं, आप राम राम १, राम-राम २ ऐसे काउंटिंग करते हैं। नारायण नारायण १, नारायण नारायण २ क्यों नहीं ?

राज दीदी - राम-राम शुरू से सिस्टम में बैठा हुआ है क्योंकि बचपन से ही हम राम-राम का जाप करते हैं और नारायण नारायण हम सिर्फ़ उस वक्त बोलते हैं जब हम घर से बाहर जाते हैं। घर से बाहर निकलने के बाद हमारी सुरक्षा हो जाएगी और ईश्वर हमारी रक्षा करेंगे तो नारायण-नारायण हम इसलिए बोलते हैं। नारायण- नारायण वैसे सेट हो गया और राम राम का जाप ऐसे सेट हो गया। राम जी और नारायण जी are one and the same, power is one and the same. आप कृष्ण बोलो, माता रानी बोलो सभी भगवान एक ही है, पावर एक है।

प्रश्न : २ राम राम १, राम राम २, राम राम ३ ये नंबर वाइज क्यों, इस तरह से क्यों ? मेरा आपसे यह प्रश्न पूछने का उद्देश्य यह है कि राम-राम आप एक बार बोलो, सौ बार बोलो या हजार बार बोलो जितना भी बोलो उतना कम ही है तो काउंटिंग क्यों?

राज दीदी - कई लोग हमसे पूछते हैं कि ऐसे क्यों काउंट करना है?

हम लोग समूह में प्रार्थना करते हैं, यदि मैं आपको कहूंगी कि आप जाप करो और हम राम राम राम राम बोलते जाएंगे तो हमें पता नहीं चलेगा कि हमें कहाँ रुकना है। जब हम समूह में प्रार्थना कर रहे हैं, काउंटिंग कर रहे हैं ५०० लोग, १००० लोग, २००० लोग जितने भी लोग हैं तो हमें मालूम होता है कि हमें राम-राम २१ पर रुक जाना है। राम राम की एक माला करनी है, राम राम २१ करना है तो सबका एक लय में ही चलेगा। हम अगर अकेले में भी जप कर रहे हैं तो राम राम राम राम करेंगे और अगर बीच में फ़ोन आता है, डोर बेल बजती है तो हमने जप कहां तक किया यह नहीं याद रहेगा, यदि काउंटिंग रहती है ना तो राम राम २१ की काउंटिंग पूरी करते हैं और राम राम २१ तक पूरा होने देते हैं, फिर ही फ़ोन कॉल अटेंड करते हैं या दरवाजा खोलते हैं। यह सभी के लिए सुविधाजनक होता है।

हम राम राम २१ भी करते हैं, राम राम ५६ भी करते हैं, राम राम १०८ भी करते हैं। आजकल हम छोटी माला ही करते हैं। ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि सबके लिए कम्फ़र्टेबल है।

पहली बात तो यह है कि राम राम २१ की माला ३० सेकंड्स में पूरी हो जाती है।

दूसरी बात यह है कि हमारे मारवाड़ी में यह कहावत है कि हर काम २१ होना चाहिए तो हम उस २१ पर ही फोकस करते हैं ताकि सब बेस्ट हो।

प्रश्न : दीदी आप बहुत ज्यादा humble हैं, आपमें बहुत पेशेंस भी है। रोज इतनी सारी माला जपना, उसके बाद लोगों की परेशानियां जानना, उन्हें उसका समाधान भी देना, आप बहुत ज्यादा काम भी करते

हैं। मैं अभी आपसे मिल रहा हूं मैं यह फील कर सकता हूं, कि आपकी एनर्जी बहुत ज्यादा calm है, kind है। यह एनर्जी आपने कैसे डेवलप की और लोग इस एनर्जी को कैसे डेवलप कर सकते हैं?

राज दीदी- पेशेंस की बात आप कर रहे हैं, जितना आपको दिखाई देता है उससे थोड़ा कम ही है, घर में उतना नहीं रहता। बचपन में जिस वातावरण में हम पले - बढ़े, हमारे पास दूसरा ऑप्शन नहीं था। हम जिद नहीं करते थे, किस से करेंगे, किस बेस पर करेंगे? सीधी सरल भाषा में कहें तो हम दबके चलते थे। मेरे पिताजी एकदम सीधे सरल, मेरे भाई बहुत सख्त हैं, जोर से बोलना मेरे भाइयों को पसंद नहीं था। तेज बोलना, बाहर खड़े रहना, लड़कों से बातें करना यह भाइयों को पसंद नहीं था। बड़ा भाई तो ठीक है, रिस्पेक्ट के आधार पर लेकिन छोटे भाई की आंखों से भी हम डरते थे। वह ५ साल छोटा है मुझसे। आज भी हमारी हिम्मत नहीं है कि बड़े भाई के सामने हम ज़ोर से बोल सकें यह हिम्मत हम में आज भी नहीं है। शुरू से उस माहौल में पले - बढ़े, तो उससे स्वभाव में बहुत चीजें आती चली गई। मां नहीं थी, मेरी दादी ने पाला - पोसा, पर सपोर्टर हमारी चाची थी। मेरी चाची का मेरे जीवन पर बहुत बड़ा इंपैक्ट है। चाची हमेशा ही मुझे बोलती रहती थी कि ससुराल जाएगी तो ज़ोर से मत बोलना, कल को कोई ऐसा ना बोले कि मां नहीं थी तो किसी ने कोई संस्कार नहीं दिए। संस्कार बहुत स्ट्रांग होने चाहिए ताकि उन्हें लगे कि दादी और चाची ने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। चाची का बारंबार, बारंबार प्रेम से समझाना कि कभी ऊंची आवाज में नहीं बोलना, बेटा ससुराल में तुम शांत रह के चलोगे और व्यवहार अच्छा रहेगा तो सब एक्सेप्ट करेंगे। तुम्हारे पीहर में कोई इतना स्ट्रांग नहीं है कि किसी बात पर तुम अपनी आवाज तेज कर सको। इस तरह से उनकी जो फीडिंग हमको मिली, हमारा जो फ्रेंड सर्कल था, हमारे इर्द - गिर्द के सभी लोग बहुत अच्छे मिले। यह हम नारायण की कृपा ही कहेंगे कि शुरू से हमें सराउंडिंग्स बहुत अच्छी मिली, इसलिए अच्छी चीजें भीतर आती चली गई।

लोग मुझसे पूछते हैं कि इतनी बड़ी टीम आप कैसे तैयार कर लेते हो? कैसे लोगों से डील करते हो? लोग मुझे डील करते हैं, मुझे कुछ भी नहीं संभालना पड़ता। रियली पूछिए। आप किसी से भी पूछेंगे तो सच में मुझे कुछ भी नहीं संभालना पड़ता। अगर मुझसे पूछेंगे कि आपका यह विज़न था क्या, इतनी ऊंचाई पर जाना? मेरा कोई विज़न नहीं था। जीवन में चीजें अपने आप होती चली गई। मैं इतना जरूर बोलूंगी कि समय का मैंने हमेशा सदुपयोग किया, शब्दों को हमेशा सोच समझ कर उच्चारण किया। बहुत अधिक बोलना, फोन पर टाइम पास करना, टीवी देखना, दूसरों से गपशप करना यह सब हमने कभी नहीं किया। आज तो हम सत्संग में पूरे इन्वॉल्व हो गए हैं। उठना, बैठना, खाना, पीना सब सतसंग ही है लेकिन हम उन दिनों की बात कर रहे हैं जब हम सत्संग में इतने इन्वॉल्व नहीं थे। तब भी हमारा यह स्वभाव नहीं था कि किसी से गॉसिप कर रहे हैं, टीवी देख रहे हैं। अब हम जब ग्रंथों का अध्ययन कर रहे हैं तो पहली चीज तो ये समझ में आ रही है कि आप सामने वाले को पोलाइटनेस से जीत सकते हो, क्रोध से नहीं । आप कितने ही बड़े लोगों को देख लीजिए, आपको सब humble ही मिलेंगे। गांधीजी को ही ले लीजिए ये सारे के सारे humble ही हैं ।

नारायण शास्त्र कहता है कि जब आप विनम्र होते हैं तो आप समृद्धि को अपने जीवन में आकर्षित करते हैं। समृद्धि यानी सिर्फ़ धन नहीं, चार चीजें काउंट होती हैं उसमें - आपका तन, आपका मन, आपका धन, आपके संबंध। आप जब पोलाइट होते हैं तो आपका तन स्वस्थ होता है क्योंकि आपकी एनर्जी आपके पास है, आप चिल्लाएंगे तो आपकी एनर्जी कहाँ गई? पोलाइटनेस आपको बहुत सारी चीज़ें देती है - आपका मन शांत, धन की बरकत। आज जितने पोलाइट होंगे, humble होंगे उतनी ही अच्छी चीजों को आप आकर्षक करते चले जाएंगे। आपने मुझे कहा कि आपने मेरे वीडियो देखे हैं, तो यहां मैंने मुखौटा नहीं पहन रखा है, यह मेरी दिनचर्या में शामिल है।

प्रश्न : जन्म कुंडली को मानना चाहिए कि नहीं मानना चाहिए और हमारे द्वारा किए गए कर्म हमारी जन्म कुंडली पर क्या असर करते हैं?

राज दीदी: जन्म कुंडली को मानना या ना मानना यह आपका निजी चुनाव है, आपका विश्वास और आपकी मान्यता पर निर्भर करता है। हमारे कर्म हमारे जीवन पर किस तरह असर करते हैं, वो हम आपको सीधी सरल भाषा में बताते हैं ताकि आप आसानी से समझ पाएं । राज दीदी ने आगे कहा कि इस ब्रह्मांड में हम सबके नाम के अदृश्य ड्रम भरे हुए हैं, सबके नाम के ड्रम भरे हुए हैं, ये नीचे से खुले हैं और इस ब्रह्मांड में अदृश्य शक्तियां विचरण कर रही हैं।

ये शक्तियां असंख्य है, असंख्य जो अदृश्य है। यह अदृश्य शक्तियां जो विचरण कर रही हैं, इसका एहसास आपको भी कई बार हुआ होगा। चलते-चलते पैर फिसला पर मैं बच गई, पता नहीं किसने थाम लिया तो सुरक्षित रह गए। होता है ना?

सीढ़ियाँ उतर रहे हैं, कहीं पर पैर अटका लेकिन गिरते गिरते बच गए और साथ में हमारे मुख से यह भी निकल जाता है कि पता नहीं किसने हाथ पकड़ लिया, समझ में ही नहीं आया। यह पता ही नहीं चलता कि किसने रक्षा की। अक्सीडेंट होते - होते बच गए, ये अदृश्य शक्ति है जो इस ब्रह्मांड में विचरण कर रही हैं और अपनी उपस्थिति का अहसास आपको बहुत बार करा देती है।

प्रश्न : इनका काम क्या है? इन अदृश्य शक्तियों का मुख्य काम क्या है?

राज दीदी - इन अदृश्य शक्तियों का मुख्य काम यह है कि जब हम अच्छे कर्म करते हैं तो इनकी छटनी बहुत अक्टिव है। अच्छे कर्म की एवज में आपके खाते में अनाज भर दिया जाता है और जब आप गलत कर्म करते हैं तो उसकी एवज में कंकड़ - पत्थर इसमें डाल दिये जाते हैं । यह इनका मुख्य काम है, बहुत एक्टिव होती है यह प्रक्रिया। आपने विचार - वाणी और व्यवहार के माध्यम से अच्छे कर्म किए, झट से आपके ड्रम में अनाज डाल दिया जाता है, गेहूं डाल दिया जाता है। गलत कर्म किए तो झट से कंकड़ - पत्थर इसमें भर दिए गए।

राज दीदी ने आगे कहा अच्छे कर्मों की परिभाषा क्या है या अच्छे कर्म किसे कहते हैं?

सीधी सरल भाषा में आपके द्वारा किया गया वो कर्म जो दूसरों को सुख पहुंचाता है, खुशी देता है, शांत होने

देता है, सांत्वना देता है, प्रेरणा देता है, प्रोत्साहन देता है, अच्छा महसूस करवाता है, यह सब अच्छे कर्मों की श्रेणी में आता है। उसकी एवज में ये अदृश्य शक्तियां झट से आपके खाते में ले जा के गेहूं, अनाज डाल देती है। नकारात्मक कर्म या ग़लत कर्म आपके द्वारा किया गया वह कर्म जो दूसरों को दुःख देता है उसकी एवज में यह अदृश्य शक्तियां आपके ड्रम में कंकड़ - पत्थर भर देती है।

आप जब अच्छे कर्म करते हैं और जो गेहूं आपके खाते में गया है, उसका फल जो मिलता है वह पूरे पैकेज डील के साथ आता है - सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, खुशी, आनंद, उत्साह, उन्नति, प्रगति, सफलता, Name, Fame, Money, Love, Respect, Faith, Care, अच्छी आदतें, अच्छा स्वभाव। आपके काम एकदम आसानी से, सरलता से होते चले जाते हैं। जो चीजें आपको चाहिए और वह भाग्य में नहीं है वह भी आसानी से आपको मिल जाती है। नकारात्मक कर्म करने से आपके ड्रम में जो कंकर - पत्थर भरे गए हैं, उसकी पैकेज डील में आता है - दुःख , दरिद्रता, अशांति, रोग, शोक, पतन, कष्ट, पीड़ा, तकलीफें।

प्रश्नः-आपने कहा आपने समय का सदुपयोग किया पर आज सब यह कहते हैं समय कम है हम अपने समय को कैसे बढ़ा सकते हैं ?

राज दीदी - देखो समय सबके पास चाहे अड़ानी हो अंबानी हो या साधारण मज़दूर हो सबके पास २४ घंटे ही हैं एक समान ही है। आपको ५० घंटे भी देंगे तो वही व्यवस्था रहेगी। सबके पास समय एक समान ही है। आप नोटिस करेंगे समय कम है? यह शिकायत वो व्यक्ति करते हैं जो ग़ैर ज़रूरी कार्यों को पहले पूरा करते हैं उसमें अपनी एनर्जी, अपना समय लगाते हैं इसलिए ज़रूरी कामों के लिए समय नहीं बचता। यदि आप ज़रूरी कार्यों को समय से कर लेते हैं तो आपके पास समय ही समय है।

जो ऊँचाई पर पहुँचे हैं उनके पास भी उतना ही समय है, पर वो उसका सदुपयोग करते हैं । आपका मोबाइल कितना समय ले लेता है ? बड़े लोग जो ऊँचाई पर जा रहे हैं वो मोबाइल रखते ही नहीं है और जितना ज़रूरी हो उतना ही मोबाइल देखते हैं । समय बांध रखा है । चलते फिरते मेसेज देखते हैं। आप एक मेसेज देखने के लिए मोबाइल उठाते हैं। आप कभी घड़ी पर ध्यान दीजियेगा कि जब आप एक मेसेज को देखने के लिए मोबाइल उठाते हैं आधा पौना घंटा कब निकल गया पता ही नहीं चलता । इसलिए फिर आपके पास समय बचता नहीं है। हम लोगों ने टाइम बांध रखा है और इतना अंगूठे में ताक़त है देखा और बंद किया ।

प्रश्न -यह ताकत लायें कहाँ से ?

राज दीदी - मैंने अलेक्सा सेट अप कर रखा है। उसको बोलती हूँ ५ मिनट का अलार्म लगाओ। ५ मिनट में अलार्म बजने लगता है उसका अलार्म बजते ही मैं रुक जाती हूँ । यदि मैं इसको बढ़ाती नहीं हूँ चाहे कितना भी इंट्रेस्टिंग मेसेज चल रहा हो । कई बार रात को देरी से सोती हूँ। सुबह रोज़ का रूटीन है हालाँकि नींद ३ बजे खुल जाती है फिर भी ज़िम्मेदारी है सीट पर बैठना है तो सेफर साइड अलार्म लगाकर रखती हूँ और अलार्म बजते ही उठ जाती हूँ। अलार्म बजा,और उठी। पाँच मिनट बाद में उठती हूँ, ऐसा आज तक कभी नहीं किया है।

हमारा मस्तिष्क हमारे साथ गेम खेलता है। आपने अलार्म सेट कर दिया कि मैं ५ मिनट के लिए १० मिनट के लिए मोबाइल देख रहा हूँ । बहुत देर से मेसेज नहीं देखा है । आप हाथ में लेते ही आपको मोबाइल में इंटरेस्ट आने लगता है। कितना समय जाएगा पता नहीं चलता।

आपने अलार्म सेट कर रखा है और अलार्म के साथ मोबाइल बंद कर दिया। चार पाँच बार आप ऐसा करेंगे तो आपके मस्तिष्क को पता चल जाएगा कि यह समय से ऊपर मोबाइल देखेगा नहीं तो नेक्स्ट टाइम अलार्म बजा आपका हाथ ऑटोमैटिकली मोबाइल को बंद करने पर चला जाएगा। यदि आपने शुरुआत में ही आपने १० मिनट का अलार्म लगाया और मोबाइल बंद नहीं किया तो आपकी वो ही साइकिल चलती रहेगी। ५/६ बार आपने अलार्म बजते ही मोबाइल बंद कर दिया तो अगली बार आपको एफर्ट नहीं डालना पड़ेगा क्योंकि अपना मस्तिष्क कम्फर्ट जोन में जीता है। शुरू से इसको आदत है इसे ट्रेन करना पड़ता है।



सारथी उद्यमों को नारायण शक्ति के साथ नारायण का दिव्य आशीर्वाद, व्यवसाय में सफलता और अच्छा मुनाफा।

युवा मंच

शब्द भाषा का एक मूलभूत पहलू है जो प्रभावी संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभिन्न प्रकार के शब्द अर्थों को समझना आवश्यक है।

शब्द आपके कामकाजी जीवन, आपके पारिवारिक जीवन, आपके सामाजिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह महत्वपूर्ण है, कि आपके पास ऐसे शब्द हों, जिनकी आपको यह बताने के लिए ज़रूरत हो कि आप कैसा महसूस करते हैं, आपको क्या चाहिए या आप आगे क्या करने जा रहे हैं। शब्द लोगों को चोट पहुँचा सकते हैं, उन्हें खुश महसूस करा सकते हैं, प्रोत्साहन देते हैं, हतोत्साहित करते हैं । **शब्द में अपार शक्ति समाहित है।** इसका सदुपयोग आपके जीवन को सप्त सितारा बना सकता है और दुरुपयोग कष्टकारी।

शब्दों में समाहित होती है ऊर्जा। सकारात्मक शब्द सकारात्मक ऊर्जा का सृजन करते हैं और नकारात्मक शब्द नकारात्मक ऊर्जा का सृजन करते हैं।

शब्दों की शक्ति अतुलनीय है। अच्छे व सकारात्मक शब्द व्यक्ति को सही दिशा व ज्ञान प्रदान करते हैं। कई बार सोच-समझ कर किए गए अच्छे शब्दों का प्रयोग व्यक्ति का जीवन बदल देता है।

आज का युवा अगर शब्दों में समाहित अपार शक्ति को पहचान उनका सदुपयोग करें तो निश्चित ही उनका आने वाला जीवन सार्थक ही होगा।

हमें कब बोलना है, कब चुप रहना है और कितना बोलना है- अगर यह विवेक जागृत हो जाये तो जीवन का आनंद बढ़ जाता है।

अक्सर आपने देखा होगा कि हर व्यक्ति अपनी बात आगे रखना चाहता है पर उसके लिये एक अच्छे श्रोता की आवश्यकता होती है।

अगले व्यक्ति की बात ध्यान से सुनें, मौन रहें या उसे सकारात्मक सलाह दें। आपके द्वारा दी गई सही सलाह उसे शब्दों के प्रति जागरूक करेगी।

राज दीदी कहती हैं कि अक्सर लोग धन बहुत सोच समझ कर व्यय करते हैं पर धन से भी बहुमूल्य होते हैं हमारे शब्द । हर शब्द को बोलने से पहले तोलें और फिर बाहर आने दें ।

कुटिल वचन सबते बुरा, जारि करे सब छार

साधु वचन जल रूप है, बरसै अमृत धार।।

नकारात्मक शब्द इतने बुरे होते हैं कि सब जला कर खाक़ करने की क्षमता रखते हैं और अच्छे सकारात्मक शब्द जल के समान होते हैं जो अमृत के रूप में बरस जीवनदान देते हैं।

शब्दों के बिना न तो हम सोच सकते हैं, न ही अपना कोई कार्य कर सकते हैं।

युवा सिर्फ़ और सिर्फ़ सही और उचित शब्दों का दैनिक भाषा में प्रयोग कर अपने जीवन के सृजनहार् बन सकते हैं।

आज के सोशल मीडिया में, दैनिक जीवन में, हँसी मज़ाक़ में प्रयोग होने वाले स्लैंग शब्द हमें एक अलग दिशा

में ले जा रहे हैं। इनकी नकारात्मक ऊर्जा हमारे अंदर संयम, आत्मविश्वास, शालीनता का हरण कर हमें असंयमित, निराशावादी और बदतमीज़ बना रही है।

हमारे शब्दों का जीवन मे क्या महत्व है, उसको हम इस बात से समझ सकते हैं की आज हम अपने जीवन में जिस भी परिस्थति में है, वो हम अपने शब्दों की वजह से ही हैं, इसलिए किसी भी समय जब हम बात करें तो अपने शब्दों का सही से इस्तेमाल जरूर करें, जिससे हम अपनी बात से सामने वाले का मन जीत सकें।

आपके शब्दों मे इतनी बड़ी ताकत है, कि यह आपके मजबूत से मजबूत सम्बन्धों को भी तोड़ सकता है, ओर ख़राब से ख़राब लोगों के साथ भी आपका एक अच्छा संबंध बना सकता है।

शब्दों का व्यवसाय में बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है, आपके सही शब्द आपको अपने व्यापार को बहुत आगे बढ़ा सकते हैं, आपके शब्द ही इस चीज को तय करेंगे कि सामने वाला व्यक्ति आपके साथ व्यापार करेगा या नहीं।

अगर आप जॉब करते हैं तब भी आपकी भाषा ही आपको लोकप्रिय बनाती है।

जीवन में हमारे शब्दों का बहुत महत्व है। हमारे शब्द ही हमारे जीवन की पहचान हैं।

शब्द यह वर्ड तो बहुत छोटा है, लेकिन इस वर्ड का जीवन में बहुत महत्व है, आज हम अपने जीवन में जहाँ कहीं पर भी है, वो हम अपने शब्दों की वजह से हैं। जिस व्यक्ति ने अपने जीवन में अपने शब्दों का सही तरीके से इस्तेमाल करना सीख लिया वो व्यक्ति अपने जीवन में किसी भी परिस्थति को सहजता से सम्भाल सकता है ।

आइये सेल्फ हीलिंग में यह स्टेटमेंट ज़रूर बोलें कि- **हम सही और उचित शब्दों का ही प्रयोग करते हैं।** और फिर देखें कि जीवन कितना सुंदर हो जाएगा ।

केदार राठी को जन्मदिन (२९ जुलाई) सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

नम्रता राठी को जन्मदिन (२३ जुलाई) सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

वर्षा वैती को जन्मदिन (१५ अगस्त) सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

बच्चों की फुलवारी

८४ लाख योनियों से गुजरने के बाद, हम इस धरती पर अपने मनुष्य रूप में आने के लिए चुने गए हैं, जो सभी योनियों में सबसे उन्नत है। नारायण ने केवल मनुष्यों को ही वाणी की शक्ति प्रदान की है, और उन्होंने रिमोट कंट्रोल भी हमें सौंप दिया है। हम जो शब्द बोलते हैं, वे हमारे भाग्य को बदल देते हैं।

सतयुग के इस अंक में हम शब्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

शब्द संचार के निर्माण खंड हैं, और उनके महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। यहाँ कुछ कारण दिए गए हैं कि शब्द क्यों महत्वपूर्ण हैं :

शब्द अर्थ और विचार व्यक्त करते हैं: शब्द हमें अपने विचारों, भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे हम दूसरों से जुड़ सकते हैं और अपने दृष्टिकोण साझा कर सकते हैं।

नारायण शास्त्र ने एक बार फिर इस तथ्य को साबित किया है कि शब्द हमारे भाग्य को आकार देते हैं । हम जो शब्द बोलते हैं, वे मजबूत ऊर्जा के साथ हमारे पास वापस आते हैं और इस प्रकार हमने जो कहा है उसे प्रकट करते हैं। हम जो शब्द बोलते हैं, वे वीणा की तरह मधुर हो सकते हैं, या वे किसी के दिल को तीर की तरह चीर सकते हैं। शब्द संबंध बनाने में मदद करते हैं या इसके विपरीत संबंधों में दरार डालने की ताक़त रखते हैं।

हम अपने शब्दों की शक्ति का उपयोग करके औरों को प्रेरित कर सकते हैं और मार्गदर्शन कर सकते हैं। शब्द हमें अपनी पहचान को व्यक्त करने, अपनी व्यक्तिगतता को व्यक्त करने और खुद के और दूसरों के लिए वकालत करने की अनुमति देते हैं।

चुनौतीपूर्ण समय के दौरान सही शब्द सांत्वना, प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान कर सकते हैं।

शब्द रचनात्मकता और कल्पना को प्रेरित करते हैं : शब्द नए विचारों को जगा सकते हैं, रचनात्मकता को बढ़ावा दे सकते हैं और कल्पना को जीवंत कर सकते हैं।

शब्द सीखने और विकास को सुगम बनाते हैं: ज्ञान प्राप्त करने, अवधारणाओं को समझने और नए कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक हैं।

नारायण शास्त्र और राज दीदी कहते हैं कि हम जो शब्द बोलते हैं, वे हमारे पास और कई गुना होकर वापस आते हैं। हम एक बार बोलते हैं और ब्रह्मांड हमें वही शब्द कई बार लौटाता है।

एक सत्संगी ने साझा किया कि उसके ससुर ने टिप्पणी की कि इतनी शिक्षित बहू लाना उनकी ओर से एक गलती थी। यह सत्संगी जो उस समय NRSP नहीं थी, ने पलटकर जवाब दिया - 'अब तुम सहन करो'।

बेटे से समझदारी भरे शब्द उसके पास वापस आए।

शब्दों के उपयोग के प्रति सतर्क रहें। केवल अच्छे और सकारात्मक शब्द बोलें और याद रखें कि आप जो भी बोलते हैं वह आपके पास वापस आता ही है।

दीदी के छाँव तले

इस बार सतयुग का अंक शब्दों के ऊपर है। इस स्तंभ में हम उन लोगों के अनुभव लेकर आये हैं जिन्होंने नकारात्मक शब्दों का प्रयोग किया और वही शब्द किस तरह उनके जीवन में वापस आये :

१) जब मेरे पिता जी का बहुत अच्छा समय था, उनके पास आठ दाल मिल, दस राइस मिल, कई आइस फैक्ट्री, इम्पोर्ट एक्सपोर्ट का बिज़नेस, रिफाइंड आयल फैक्ट्री, मस्टर्ड आयल फैक्ट्री आदि अनेकों बिज़नेस थे। तब वे सदैव मेरे भाइयों को यह कहते थे कि समय पर उठ कर काम पर जाया करो वरना एक दिन ऐसा समय आएगा कि तुम कटोरा ले कर भीख मांगते फिरोगे। आज उनकी यही स्तिथि हो गयी है, कि सारे बिज़नेस नारायण हेल्प हैं। राज दीदी को सुन कर उन्हें अपने द्वारा कहे गए शब्दों के गलत इस्तेमाल से होने वाला परिणाम का अहसास हो रहा है।

हम कहीं भी जाते थे किसी भी जैन स्थानक में, तो बोल देते थे कि एक कमरा हमारी तरफ से भी बनवा देना, परन्तु बाद में उन्हें पैसे देना भूल जाते थे । आज सभी प्रॉपर्टी बिक गयी हैं, सारे बिज़नेस ठप्प हो गए है। हम सभी माफ़ी चाहते है।

२) जब मैं अपनी सहेलियों से मिल कर वापस घर जाती थी तब मैं मज़ाक में सहेलियों को कहती थी कि मैं डेन (शेर के घर रहने की जगह के) जा रही हूँ आज अवस्था यह है कि मेरे पति मुझे रात को ९ बजे बाद घर से निकलने नहीं देते हैं, चाहे कितना भी अर्जेंट काम क्यों ना हो।

पति कहते थे कि मैं पच्चीस लाख रूपए जला सकता हूँ, तू क्या पैसा पैसा करती है। आज हम बहुत बड़ी पोजीशन पर होते हुए भी पच्चीस लाख से भी कई गुना ज़्यादा बड़ा आर्थिक नुक्सान झेल रहे हैं। हम अपने शब्दों के लिए क्षमा चाहते है।

३) मुझे अपने शारीरिक फुर्ती के ऊपर बहुत ज़्यादा घमंड था, मैं कहती थी, ये काम- तुम बहुत धीरे कर रहे हो, या तुम ठीक से नहीं कर रहे हो , यह तो मेरे बाएं हाथ का मैल ही, झट से कर लूंगी, और कर भी लेती थी। परिणामः आज उम्र के साथ शरीर साथ नहीं देता है और हेल्पर्स के ऊपर ही डिपेंड रहना पड़ता है। शब्दों के लिए क्षमा चाहती हूँ।

४) मेरी बहन की बेटी को खाना बनाने में बहुत आलस आता था तो वह प्रायः यह बोलती थी कि काश ऐसा हो कि न तो मुझे भूख लगे, न मुझे भोजन में स्वाद आये, ताकि एक जने का भोजन बनाना ही नहीं पड़ेगा. परिणामः अब सच में उन्हें भोजन में स्वाद नहीं आता है और भूख भी नहीं लगती है जिसके कारण वह बहुत कमज़ोर हो गयी है। अब वो अपने शब्दों का कन्फेशन कर रही है।

५)कोरोना काल में जेठ की बेटी मेरे पास आयी हुई थ। उसका ऑनलाइन क्लासेज चलता था, वह रात को जागती थी और दिन भर सोती थी। इसकी चर्चा मैं अपनी सासु माँ से और अपने पति से करती थी, यह भी कहती थी कि यह तो ऑनलाइन एग्जाम में चीटिंग करती है, इसके पापा के पास बहुत पैसे हैं । आज ३ साल बाद वही सब बातें मेरी बेटी में देख रही हूँ। वह इंडिया से बाहर पढाई करने गयी है. जब इंडिया आती है तो रात

भर मोबाइल फ़ोन देखती है और दिन भर सोती है। वह पढ़ाई में अव्वल थी, पर अब उसका पढ़ाई में बिलकुल भी मन नहीं है, पूरी रात मूवीज देखती है। आप कहते हैं न कि प्रकृति गुणकों में लौटाती है, वही मेरे साथ हो रहा है, जो भी बातें मैंने मेरे जेठ जी की बेटी के लिए कही थीं वही सब बड़ा रूप ले कर मेरे सामने आ रही हैं । मैं नाक रगड़ कर माफ़ी मांगती हूं।

मुख से निकला तीर

एक बार एक गोलू नाम का किसान अपने साथी से कुछ अपशब्द कह देता है फिर उसके बाद क्या होता है, ये आपको आगे कहानी में पता चलेगा। एक बार गोलू किसान ने अपने पड़ोसी को बहुत बुरा भला कह दिया, लेकिन बाद में उसे अपनी गलती का अहसास हुआ तो वो पश्चाताप के लिए एक गुरु बाबा के पास गया। उसने जाकर गुरु बाबा से अपने शब्द वापिस लेने का उपाय पूछा ताकि उसके मन का बोझ कुछ कम हो सके।

गुरु बाबा ने गोलू किसान से कहा, एक काम करो तुम जाकर कंही से खूब सारे पंख इक्कठा कर लो और उसके बाद उन पंखों को शहर के बीचों बीच जाकर बिखेर दो। गोलू किसान ने ऐसा ही किया और फिर गुरु बाबा के पास पहुँच गया। तो गुरु बाबा ने उस गोलू किसान से कहा क्या तुम ऐसा कर सकते हो कि जाकर उन पंखों को पुनः समेट के ले आ सको?

इस पर गोलू किसान वापिस गया तो देखता है कि हवा के कारण सारे पंख उड़ गये हैं और कुछ जो बचे हैं वो समेटे नहीं जा सकते । गोलू किसान खाली हाथ गुरु बाबा के पास पहुंचा तो गुरु बाबा ने उसे समझाया कि ठीक ऐसा ही तुम्हारे शब्दों के साथ होता है तुम बड़ी आसानी से किसी को कुछ भी बिना सोचे समझे कह सकते हो लेकिन एक बार कह देने के बाद वो शब्द वापिस नहीं लिए जा सकते ठीक ऐसे ही जैसे कि एक बार बिखेर देने के बाद पंखों को वापिस नहीं समेटा जा सकता।

शब्दों का महत्व

एक बार स्वामी विवेकानंद जी अपने सतसंग में शब्दों की महिमा विषय पर चर्चा कर रहे थे । इसी क्रम में वह 'GOD' शब्द की महत्ता को समझा रहे थे । एक व्यक्ति जो काफ़ी तर्क कर रहा था , उसने कहा ,'शब्दों में क्या ही रखा है ? उन्हें रटने से क्या लाभ ?'

उसे जवाब देने के जगह स्वामी जी ने उसे bastard, foolish ,idiot , जाहिल जैसे शब्द कह दिए ।

यह सारे शब्द सुन कर वह व्यक्ति आग बबूला हो गया और स्वामी जी से बोला ' आप जैसे संन्यासी के मुख से यह सब शब्द शोभा नहीं देते । इन्हें सुनकर मुझे बहुत चोट लगी है ।'

स्वामी जी बोले ' भाई ये तो शब्द है । शब्दों में क्या रखा है ? मैंने कोई पत्थर तो नहीं फेंका जिस से आपको चोट लग गई !'

प्रश्नकर्ता सहित वहाँ मौजूद सभी भक्तों को इस प्रश्न का उत्तर मिल गया । अगर शब्द हमें उत्तेजित कर सकते हैं तो हमें ईश्वर के क़रीब भी ला सकते हैं। इसलिए हमेशा सोच समझ कर मीठे और मधुर शब्द ही बोलें।

शब्द ही सब कुछ

एक नौजवान चीता पहली बार शिकार करने निकला। अभी वो कुछ ही आगे बढ़ा था कि एक लकड़बग्घा उसे रोकते हुए बोला, ' अरे छोटू , कहाँ जा रहे हो तुम ?'

मैं तो आज पहली बार खुद से शिकार करने निकला हूँ !', चीता रोमांचित होते हुए बोला।

'हा-हा-हा-', लकड़बग्घा हंसा ,' अभी तो तुम्हारे खेलने-कूदने के दिन हैं , तुम इतने छोटे हो , तुम्हे शिकार करने का कोई अनुभव भी नहीं है , तुम क्या शिकार करोगे !!'

लकड़बग्घे की बात सुनकर चीता उदास हो गया , दिन भर शिकार के लिए वो बेमन इधर-उधर घूमता रहा , कुछ एक प्रयास भी किये पर सफलता नहीं मिली और उसे भूखे पेट ही घर लौटना पड़ा।

अगली सुबह वो एक बार फिर शिकार के लिए निकला। कुछ दूर जाने पर उसे एक बूढ़े बन्दर ने देखा और पूछा , 'कहाँ जा रहे हो बेटा ?'

'बंदर मामा, मैं शिकार पर जा रहा हूँ। ' चीता बोला।

'बहुत अच्छे ' बन्दर बोला , ' तुम्हारी ताकत और गति के कारण तुम एक बेहद कुशल शिकारी बन सकते हो , जाओ तुम्हें जल्द ही सफलता मिलेगी।'

यह सुन चीता उत्साह से भर गया और कुछ ही समय में उसने के छोटे हिरन का शिकार कर लिया।

मित्रों, हमारी ज़िन्दगी में 'शब्द' बहुत मायने रखते हैं। दोनों ही दिन चीता तो वही था, उसमें वही फुर्ति और वही ताकत थी पर जिस दिन उसे डिस्करेज किया गया वो असफल हो गया और जिस दिन एंकरेज किया गया वो सफल हो गया।

इस छोटी सी कहानी से हम तीन ज़रूरी बातें सीख सकते हैं :

पहली , हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम अपने 'शब्दों' से किसी को एंकरेज करें, डिस्करेज नहीं। इसका ये मतलब नहीं कि हम उसे उसकी कमियों से अवगत न करायें , या बस झूठ में ही एंकरेज करें।

दूसरी, हम ऐसे लोगों से बचें जो हमेशा निगेटिव सोचते और बोलते हों, और उनका साथ करें जिनका सकारात्मक नज़रिया हो।

तीसरी और सबसे अहम बात , हम खुद से क्या बात करते हैं, सेल्फ - टॉक में हम कौन से शब्दों का प्रयोग करते हैं इसका सबसे ज्यादा ध्यान रखें , क्योंकि ये 'शब्द' बहुत ताकतवर होते हैं , क्योंकि ये 'शब्द' ही हमारे विचार बन जाते हैं , और ये विचार ही हमारी ज़िन्दगी की हकीकत बन कर सामने आते हैं, इसलिए दोस्तों , वर्ड्स की पावर को पहचानिये, जहाँ तक हो सके पॉजिटिव वर्ड्स का प्रयोग करिये, इस बात को समझिए कि ये आपकी ज़िन्दगी बदल सकते हैं।

॥ 卐 ॥

Pavaan Vani

Dear Narayan Readers,
Narayan Narayan

Narayan Shastra says that your words are the creators of your life, the creators of your destiny. Your life gets shaped by the words you use. Therefore, you should always use correct, appropriate, positive words after giving a thought.

The words that we utter generate a vibration and keep roaming in the universe. The universe i.e. nature is innocent. It listens to the words and gets busy in manifesting them.It does not know right or wrong, lie or truth, for whom it is said, it only knows how to say **Tathastu**.

Once the words come out of our mouth, the nature says Tathastu. Even if we have said these words for someone else, they come true.

We have heard many times during the confession during the Brahma Muhurta prayers that if we say negative words for someone else, they become a reality and come in our lap. After many years, what is said literally happens in our life because the principle of nature is that what you give comes back to you in multiples. The words spoken by you get planted in the universe and bear fruit and act as fertilizer and water for manifestation. Therefore, we should speak every word very thoughtfully. Narayana Shastra says that whenever you speak, speak only right, appropriate, positive words and if you do not have the right positive words, then remain silent but do not use wrong and negative words because when they are used in multiples, they affect not only the speaker but also his family members and every person related to him.

Narayan Reiki Satsang family is committed to restore the Satyug by healing the body, mind, wealth relations through the use of right, appropriate positive words. **For all this, the use of right, appropriate positive words is our Maha Mantra.**

My request to all is to use the right, appropriate, positive words and get the life you desire and become our partner in the restoration of Satyug.

All good,

R. Modi

CO-EDITOR
Deepti Shukla 09869076902

EDITORIAL TEAM
Vidya Shastry 09821327562
Mona Rauka 09821502064

Main Office
Narayan Bhawan
Topiwala Compound, station road,
Goregaon (West), Mumbai.

Editorial Office
Shreyas Bunglow No 70/74 Near Mangal Murti Hospital, Gorai link Road, Borivali (W) Mumbai -92.

Regional Office

AHMEDABAD	JAIWINI SHAH	9712945552
AKOLA	SHOBHA AGRAWAL	9423102461
AKOLA	RIYA AGARWAL	9075322783
AMRAVATI	TARULATA AGRAWAL	9422855590
AURANGABAD	MADHURI DHANUKA	7040666999
BANGALORE	KANISHKA PODDAR	7045724921
BANGALORE	SHUBHANGI AGRAWAL	9341402211
BASTI	POONAM GADIA	9839582411
